सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 356
09/04/2026

बिहार लोक भवन में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 09 अप्रैल, 2026ः– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं राज्य की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार की संस्कृति में काफी समानता है। विगत 20 वर्षों में बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है। हमारा दायित्व है कि हम बिहार की अच्छाई के बारे में लोगों को बताएँ और कुछ प्रदेशों में बने इस राज्य की नकारात्मक छवि को बदलने का प्रयास करें। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में भी विकास के काफी कार्य हुए हैं। वहाँ आधारभूत संरचनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है तथा खेलकूद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिहार को भी उत्तर प्रदेश में हुए विकासात्मक कार्यों को अपनाना चाहिए।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार सिंह व न्यायमूर्ति श्री रमेश चन्द्र मालवीय, महानिदेशक, विजिसेंस इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो श्री जे० एस० गंगवार एवं जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे उत्तर प्रदेश के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे उत्तर प्रदेश के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....